बरेली, मंगलवार
3 अक्टूबर, 2023
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16

दैनिक जागरण

PAGE NO : 05 TOP

रोबोटिक सर्जरी सेंटर जनता को समर्पित

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्रीराम मूर्ति की 35वीं पुण्यतिथि पर एसआरएमएस ट्रस्ट का तोहफा

एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज में स्वतंत्रता सेनानी पूर्व मंत्री स्वर्गीय श्रीराममूर्ति की 35वीं पुण्यतिथि के कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं के साथ ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ● सौजन्य-ट्रस्ट

वाद विवाद प्रतियोगिता कनिष्ठ वर्ग में विजेता जीआरएम स्कूल की टीम को चल वैजयंती ट्राफी प्रदान करते देवमूर्ति ● सौजन्य-ट्रस्ट

- **मेधावी विद्यार्थियों को करीब 3.5 करोड़ की छात्रवृति का वितरण**
- **प्रतिभाशाली नौ बच्चों की फीस पूर्णत: माफ करने की भी घोषणा**

जागरण संवाददाता, बरेली : श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति ने पिता और ट्रस्ट परिवार के प्रेरणा स्रोत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पूर्व मंत्री स्वर्गीय श्रीराममूर्ति की 35वीं पुण्यतिथि पर रोबोटिक सर्जरी सेंटर आम लोगों को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि श्रीराम मूर्ति इंस्टीट्यूट कालेज आफ मेडिकल साइंसेज में स्थापित इस सेंटर से मरीजों को अत्याधुनिक इलाज मिल सकेगा।

देव मूर्ति ने एसआरएमएस ट्रस्ट के शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश पर प्रतिभाशाली नौ बच्चों की फीस पूर्णत: माफ करने की भी घोषणा की। कहा कि आल इंडिया मेरिट में पांच सौ रैंक में आने वाले नौ बच्चों का शैक्षणिक शुल्क पूरी अवधि के लिए माफ रहेगा। इसके लिए 1.27 करोड़ का बजट रखा है। समारोह में चार विभूतियों को श्रीराम मूर्ति अलंकरण से सम्मानित किया। कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन पर श्रद्धासुमन अर्पित कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति ने पूज्य पिता के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। देवमूर्ति ने खुशी जताई की उनके संस्थान से पढ़े छात्र देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी नाम रोशन कर रहे हैं। इन्हीं में पायल अग्रवाल और अभिलाषा अग्रवाल भी हैं। कहा कि हमारे संस्थानों ने करीब 50 नए पेटेंट कराए हैं। अब तक 150 से अधिक नए रिसर्च किए जा चुके हैं। यहां किडनी, घुटना, कूल्हा ट्रांसप्लांट, कोक्लियर इंप्लांट जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं दी जा रही हैं। पिछले ही दिनों यहां रोबोटिक सर्जरी सेंटर स्थापित कर आपरेशन शुरू हुए हैं। कार्यक्रम का संचालन डा. अनुज कुमार ने किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, भोजीपुरा विधायक शहजिल इस्लाम, पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार, ट्रस्टी आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, अंबिका मूर्ति, ट्रस्ट एडवाइजर इंजीनियर सुभाष मेहरा, गुरु मेहरोत्रा, इंजीनियर सुरेश सुंदरानी, बोर्ड आफ गवर्नर के सदस्य, श्रीराममूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज के प्राचार्य एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा. महेन्द्र सिंह बुटोला, डीन एकेडेमिक्स प्रो. प्रभाकर गुप्ता, प्राचार्य डा. एलएस मौर्य आदि मौजूद रहे।

डा. वेदवती रविन्द्र जोगी, स्वतंत्र मीडियाकर्मी एवं शिक्षाविद्, पूना। 37 वर्षों से रचनात्मक, सृजनशील, कार्यदक्ष एवं नित्य कर्मनिष्ठ के माध्यम से सामाजिक विकास के क्षेत्र में महती योगदान के लिए सम्मानित।

समीर कुमार मिश्रा, रचनात्मक, सृजनशील, कार्यदक्ष एवं नित्य कर्मनिष्ठ। शिक्षा के माध्यम से समाज कल्याण के क्षेत्र में भूमिका के साथ व्यावहारिक शिक्षा के माध्यम से ग्रामीण युवाओं, छात्रों एवं बालिकाओं को सशक्त बनाने का कार्य कर रहे हैं।

पायल अग्रवाल, इसरो वैज्ञानिक : इसरो में वैज्ञानिक श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एवं टेक्नालाजी की छात्रा रही हैं। चन्द्रयान 3 के सफल प्रक्षेपण एवं अवतरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अभिलाषा अग्रवाल, इसरो वैज्ञानिक : इसरो में वैज्ञानिक, श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एवं टेक्नालाजी की छात्रा रही हैं। चन्द्रयान 3 मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।